**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 11.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भारत और पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के चौथे दिन संघर्ष विराम की घोषणा की।

2. विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल पहले बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है।

3. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस आज मनाया जा रहा है।

4. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से नवीन अभिक्षमता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया।

<><><><><><><>

भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन्स महानिदेशक ने कल दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया, जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। किसी अन्य मुद्दे पर और किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि दोनों पक्ष ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दे दिए गए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत तथा पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के तुरंत बाद एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

<><><><><><><>

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल पहले बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री मिसरी ने कहा कि भारतीय सेना इन उल्लंघनों का समुचित और उचित जवाब दे रहे हैं तथा नई दिल्ली इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से इन उल्लंघनों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। श्री मिसरी ने कहा कि भारतीय सेना स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ–साथ नियंत्रण रेखा पर उल्लंघन की पुनरावृत्ति की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हाल ही में कालीकट ग्राम पंचायत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण निदेशालय द्वारा पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और एकीकृत नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से किया गया। सत्र में शराब, तंबाकू और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के व्यक्तिगत स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग, आपराधिक व्यवहार और सार्वजनिक सुरक्षा मुद्दों के बीच मजबूत संबंध पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पुनर्वास प्रक्रिया के प्रमुख पहलुओं, नशे से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव की रोकथाम रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणालियों के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए वंडूर के पंचायत हॉल में मिशन शक्ति योजनाओं और मनरेगा योजनाओं पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन स्टॉप सेंटर तथा महिला हेल्पलाइन के अंतर्गत कल्याणकारी योजनाओं और मनरेगा के माध्यम से रोजगार सृजन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सहायक अभियंता जी. प्रभु और फरारगंज तहसील के मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी विल्सन राज ने मनरेगा से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस आज मनाया जा रहा है। उन्नीस सौ अट्ठानबे में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में अपने परमाणु बमों का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में तकनीकी प्रगति की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। यह दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत के पहले स्वदेशी विमान "हंसा–3" के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान को याद करता है। यह भारत की वैश्विक स्थिति को प्रदर्शित करते हुए छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण की भी याद दिलाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है। यह दिन सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका के बारे में जागरूकता भी बढ़ाता है।

<><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की अेर से महासागर अध्ययन और समुद्री जीव विज्ञान के छात्रों के लिए समुद्री शैवाल के संग्रह, संरक्षण एवं पहचान में नवीन अभिक्षमता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया। इस अवसर पर अपर मुख्य वन संरक्षक रवि होरो मुख्य अतिथि थे। पद्मश्री नरेश चंद्र लाल और पांडिचेरी विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जी पद्मावती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इस प्रकार की कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में ऐसे प्रशिक्षण और कार्यशाला की आवश्यकता पर बल दिया।

इससे पहले अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस पांच दिवसीय कार्यशाला पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में द्वीपों के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, वैज्ञानिक, मीडिया कर्मी और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन डॉ. महादेव कुमार एस के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

<><><><><><>

राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत एम एल एच पी और सी एच ओ के पदों पर आज होने वाली लिखित परीक्षा को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><><><>

जहाजरानी निदेशालय ने एम वी कैम्पबेल बे की यात्रा की संभावित तिथि की घोषणा की है। जहाज श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए तेईस मई को शाम चार बजे रवाना होगा और विशाखापत्तनम से अट्ठाईस तारीख को शाम चार बजे श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग पन्द्रह मई से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच की जा सकती है। यात्री स्टार्स टिकटिंग काउंटर से या ई–टिकटिंग पोर्टल से भी टिकट बुक करा सकते हैं।

<><><><><><>